दिनांकः 26.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।
- करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ आज–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को नमन किया जा रहा है।
- प्रदेशभर में आज लोक पर्व सिंजारा परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। श्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मॉलदीव का भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी में विशेष स्थान है।

...............

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने कल श्री मोदी के सम्मान में भोज का आयोजन किया था। इससे पहले कल भारत और मॉलदीव के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें मत्स्य–पालन और जल–कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल ढांचे, यूपीआई, भारतीय औषध–कोश और ऋण सहायता शामिल हैं। भारत ने मालदीव में बुनियादी ढांचा विकास और अन्य कार्यों के लिए चार हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की नई ऋण सहायता की घोषणा की।

000

देश आज करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मना रहा है। ये दिन उन अमर जांबाज़ जवानों की बहादुरी को सलाम करने का दिन है, जिन्होंने लगभग 18 हजार फीट की ऊंचाई पर पाकिस्तानी घुसपैठियों के साथ संघर्ष किया था। ये सैन्य इतिहास की कठिन लड़ाइयों में से रहा, जो इतनी ऊंचाई और तोलोलिंग तथा टाइगर हिल जैसे दुर्गम क्षेत्र पर लड़ा गया।

करगिल विजय दिवस पर प्रदेश में आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में 156 लाइट एडी रेजीमेंट की ओर से शहीद जयसिंह भाटी चौराहे पर कार्यक्रम रखा गया है। बाडमेर में पुलिस लाइन स्थित वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे हैं। बारां में सेना शस्त्र प्रदर्शनी लगाई गई है। पाली के भैसाणा गांव के करगिल में अपने प्राण त्यागने वाले भंवर सिंह जैतावत की प्रतिमा का अभिषेक कर माल्यार्पण किया जाएगा। जोधपुर में विजय दिवस के मौके पर एक अनूठा आयोजन रखा गया है। शहर के आस–पास पहाड़ियों पर भारत–पाक युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें एनसीसी कैडेट्स और अन्य युवा भारतीय सैनिकों की भूमिका अदा करेंगे।

..............

000

राज्य में कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। साथ ही प्रदेश में ही प्राकृतिक गैस के औद्योगिक उपयोग के लिए भी काम किया जाएगा। खान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कल जयपुर में विभिन्न तेल उत्पादक कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने तेल और गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नई तकनीक को अपनाने और काम को गति देने के निर्देश दिए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 124वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000

प्रदेशभर में आज लोक पर्व सिंजारा परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हरियाली तीज से एक दिन पहले आज नव विवाहित महिलाएं हाथों पर मेहंदी रचाकर श्रृंगार कर रही हैं।

लहरिया की साड़ी, सुहाग के सामान और घेवर के साथ सिंजारा मनाया जा रहा है। कल हरियाली तीज का पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी। तीज की पूजा के लिए घरों और मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। सिटी पैलेस की ज़नानी ढ्योढ़ी से तीज माता की शोभायात्रा शाही लवाज़मे के साथ निकाली जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से सवारी का सीधा प्रसारण किया जाएगा। साथ ही शहरभर में 200 से अधिक एलईडी स्क्रीन पर इसको दिखाया जाएगा।

वहीं हरियाली तीज के अवसर पर कल प्रदेशभर में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। विभिन्न विभागों की ओर से इसकी तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस साल हरियाली तीज पर हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की है।

..............

000

दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आज से ही बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बरसात हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार कल कहीं—कहीं मूसलाधार वर्षा का पूर्वानुमान है। वहीं प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में 28 तारीख से भारी बारिश का दौर शुरू होगा, जो 31 जुलाई तक चलने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में भी मध्यम से तेज बारिश के आसार हैं।

इस बीच, आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में कल देर रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सुबह तक जारी रहा। भीलवाड़ा में बरसात की झड़ी लगी हुई है। सवाईमाधोपुर में रात को हवाओं के साथ आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। करौली और भरतपुर में रात से ही रुक—रुक कर बरसात हो रही है। अजमेर में एक सप्ताह से थमा बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से —

...............

000

प्रदेश में रजिस्ट्रारों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सात दिन में जारी करना होगा, ऐसा नहीं करने पर ढाई सौ रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं संस्था की ओर से जन्म मृत्यु की जानकारी नहीं देने पर एक हजार रुपये का जुर्माना देना होगा। कल चाकसू में आयोजित जन्म मृत्यु और पंजीयन कार्यशाला में आर्थिक और सांख्यिकी विभाग की ओर से ये जानकारी दी गई।

000